तेरे दर पे ओ मेरी मैया

तेरे दर पे ओ मेरी मैया तेरे दीवाने आये है,
भर दे झोली मैया भोली बिगड़ी बनाने आये है....

मैं आया तेरे द्वारे पहली दफा,
मैया जी पूरी करदो मन की दुआ,
उचे पर्वत पे तेरे बचे तुझको मनाने आये है,
भरदे झोली मैया भोली बिगड़ी बनाने आये है....

भेरव के तरह हम पे कर दो दया,
चरणों में अपने देदो हम को जगह,
नाचते गाते गुण गुनाते जोगी मस्ताने आये है,
भर दे झोली मैया भोली बिगड़ी बनाने आये है...

मैं लाया माँ सजा के गीतों के फूल,
बदले में मुझको देदो चरणों की धूल
हम परवाने गाते तराने तेरी शरण में आये है,
भर दे झोली मैया भोली बिगड़ी बनाने आये है...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26758/title/tere-dar-pe-oh-meri-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |